रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

# सीoईoएनo ०९ /२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

# CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 25/08/2026 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I 2025 |

**Q.1** **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन लसीका और रुधिर प्लाज्मा की प्रोटीन मात्रा (content) की सही तुलना करता है?**

**Ans** A). लसीका में प्लाज्मा के बराबर प्रोटीन होता है B). लसीका में प्लाज्मा की तुलना में कम प्रोटीन होता है C). लसीका में कोई प्रोटीन नहीं होता है D). लसीका में प्लाज्मा की तुलना में अधिक प्रोटीन होता है

**Correct Answer: B**

**Q.2** **6 cm की फोकस दूरी वाले एक अवतल दर्पण से 18 cm की दूरी पर एक छोटी मोमबत्ती रखी है। निर्मित प्रतिबिंब की प्रकृति और स्थिति क्या होगी?**

**Ans** A). आभासी, दर्पण के 9 cm पीछे B). वास्तविक, दर्पण के 9 cm सामने C). आभासी, दर्पण के 12 cm पीछे D). वास्तविक, दर्पण के 6 cm सामने

**Correct Answer: B**

**Q.3** **निम्नलिखित में से कौन-सा कारण स्पष्ट करता है कि उपकला ऊतक कोशिकाएं एक दूसरे से बहुत कम दूरी पर दृढ़ता से क्यों बंधी हुई होती हैं?**

**Ans** A). ऊतक की समग्र सामर्थ्य बढ़ाने के लिए B). ऊतक के स्राव कार्यों को बढ़ाने के लिए C). ऊतक में तीव्र कोशिका विभाजन को संभव बनाने के लिए D). एक सतत अवरोध बनाने और पारगम्यता को नियंत्रित करने के लिए

**Correct Answer: D**

**Q.4** **निम्नलिखित में से कौन-सी परिस्थिति सर्वोत्तम रूप से यह दर्शाती है कि ध्वनि उत्पन्न करने के लिए एक कंपमान वस्तु (vibrating object) आवश्यक है?**

**Ans** A). मेज पर रखी काँच की बोतल को बिना विचलित किए देखना B). गिटार की तानित स्ट्रिंग को छोड़ना और स्वर (tone) सुनना C). अंधेरे कमरे में दीवार पर टॉर्च का प्रकाश डालना D). धातु की छड़ को स्थिर पकड़ना और गुंजन (hum) सुनना

**Correct Answer: B**

**Q.5** **गति का वर्णन करने के संदर्भ में वेग, चाल से किस प्रकार भिन्न है?**

**Ans** A). वेग केवल असमान गति पर अनुप्रयुक्त होता है, जबकि चाल केवल एकसमान गति पर अनुप्रयुक्त होता है। B). वेग तय की गई दूरी को निर्दिष्ट करता है, जबकि चाल विस्थापन को निर्दिष्ट करता है। C). वेग, गति के परिमाण (चाल) और निश्चित दिशा, दोनों को निर्दिष्ट करता है। D). वेग की गणना औसत चाल का उपयोग करके किया जाता है, जबकि चाल तात्क्षणिक चाल का उपयोग करती है।

**Correct Answer: C**

**Q.6** **एक मोटर 3 सेकंड में 1875 J का कार्य करती है। इसका पावर आउटपुट क्या होगा?**

**Ans** A). 2810 W B). 5625 W C). 210 W D). 625 W

**Correct Answer: D**

**Q.7** **निम्नलिखित में से कौन-सा, तत्व ऐलुमीनियम के लिए सही प्रतीक है?**

**Ans** A). Alm B). Al C). AL D). alm

**Correct Answer: B**

**Q.8** **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वोत्तम रूप से यह स्पष्ट करता है कि अधात्विक ऑक्साइड, क्षारकों के साथ अभिक्रिया क्यों करते हैं?**

**Ans** A). वे अम्लीय ऑक्साइड के रूप में कार्य करते हैं और क्षारकों को उदासीन करते हैं

B). वे एक साथ अम्लों और क्षारकों का निर्माण करते हैं

C). वे क्षारकीय ऑक्साइड के रूप में कार्य करते हैं और अम्लों को उदासीन करते हैं

D). वे सदैव क्षारकीय होते हैं और क्षारकों के साथ अभिक्रिया नहीं करते हैं

Correct Answer: A

**Q.9** **किसी स्थलीय अध्ययन के दौरान, विद्यार्थी देखते हैं कि प्रत्येक दोपहर वायु, घाटी सतह से ढालों तक प्रवाहित होती है। यह पैटर्न किस वायुमंडलीय स्थिति के कारण बनता है?**

**Ans** A). घाटी में अचानक वर्षा

B). घाटी की सतह का एकसमान तापन

C). पृथ्वी का घूर्णन

D). पहाड़ की ढालों का असमान तापन

Correct Answer: D

**Q.10** **निम्नलिखित में से कौन-सा, पारिस्थितिकी तंत्र को सर्वोत्तम रूप से परिभाषित करता है?**

**Ans** A). जैविक और अजैविक घटकों की अन्योन्यक्रिया से निर्मित एक प्रणाली

B). केवल पादपों का एक समूह

C). भौतिक कारकों से रहित एक समुदाय

D). केवल जंतुओं का निवास स्थान

Correct Answer: A

**Q.11** **लंबे समय तक वायु के संपर्क में रखने पर चांदी की वस्तुएं काली पड़ जाती हैं, इसका मुख्य कारण क्या है?**

**Ans** A). पृष्ठ पर धूल के कणों का संचयन

B). सिल्वर सल्फाइड विलेप का निर्माण

C). वायु में क्लोरीन के साथ अभिक्रिया द्वारा सिल्वर क्लोराइड का निर्माण

D). ऑक्सीजन के साथ अभिक्रिया द्वारा सिल्वर ऑक्साइड का निर्माण

Correct Answer: B

**Q.12** **एक कार चालक देखता है कि तप्त धूप वाले दिन में आगे की सड़क आर्द्र दिखाई देती है, परंतु उस स्थान पर पहुंचने पर पता चलता है कि सड़क शुष्क है। कौन-सी भौतिक घटना, इस अवलोकन की सर्वोत्तम व्याख्या करती है?**

**Ans** A). वायु के अणुओं द्वारा सूर्य के प्रकाश का विक्षेपण

B). जल की सूक्ष्म बूंदों के भीतर प्रकाश का संपूर्ण आंतरिक परावर्तन

C). सड़क के ऊपर की वायु के तापमान में परिवर्तनों के कारण प्रकाश का अपवर्तन

D). धूल के कणों द्वारा सूर्य के प्रकाश का प्रकीर्णन

Correct Answer: C

**Q.13** **कौन-सा उदाहरण, घरेलू गैस बर्नर में मेथेन के पूर्ण दहन को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है?**

**Ans** A). सफेद राख के साथ एक मंद, टिमटिमाती ज्वाला उपस्थित होती है

B). एक नारंगी ज्वाला जो रसोईघर में तेज गैस गंध उत्पन्न करती है

C). बर्तन पर काले अवशेषों के साथ एक पीली ज्वाला बनती है

D). एक नीली, अदीप्त ज्वाला देखी जाती है जिसमें कोई अवशेष नहीं बचता है

Correct Answer: D

**Q.14** **निम्नलिखित में से कौन-सा कृत्रिम पारितंत्र का उदाहरण है?**

**Ans** A). खेत

B). वन

C). तालाब

D). झील

Correct Answer: A

**Q.15** **यदि समय को नियत रखते हुए किसी इंजन की शक्ति को दोगुना कर दिया जाए, तो किया गया कार्य पर क्या प्रभाव पड़ेगा?**

**Ans** A). दोगुना हो जाएगा

B). समान रहेगा

C). आधा हो जाएगा

D). चार गुना हो जाएगा

Correct Answer: A

**Q.16** **Why do coal and petroleum take millions of years to form in nature?**

**Ans** A). They result from rapid chemical reactions

B). They form quickly through cooling of materials

C). They are produced by repeated flooding events

D). Their formation involves slow chemical and physical changes

Correct Answer: D

**Q.17** **निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, प्रकुंचन दाब (Systolic Pressure) का सर्वोत्तम वर्णन करता है?**

**Ans** A). निलय शिथिलन के दौरान धमनियों में रक्तदाब

B). वेंट्रिकुलर संकुचन के दौरान धमनी में रक्तदाब

C). शिथिलन के दौरान शिराओं में रक्तदाब

D). संकुचन के दौरान शिराओं में रक्तदाब

Correct Answer: B

**Q.18** **एक उद्यानविद् ऐसे जलीय पादपों की नस्ल (breed) तैयार करना चाहता है जो बेहतर तरीके से प्लव करने में सक्षम हों। उन्हें ऊतक के किस रूपांतरण को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए?**

**Ans** A). वायूतक निर्माण करना

B). स्थूल कोण ऊतक में अनियमित स्थूल करना

C). स्थूल कोण ऊतक में पर्णहरित की वृद्धि करना

D). मृदूतक में अंतरकोशिकीय अंतरालों को कम करना

Correct Answer: A

Q.19 धारावाही तार द्वारा उत्पन्न चुंबकीय क्षेत्र, तार से दूरी के साथ किस प्रकार परिवर्तित होता है?

Ans A). यह सभी दूरियों पर नियत रहता है B). यह दूरी बढ़ने के साथ घटता है C). यह दूरी बढ़ने के साथ बढ़ता है D). यह दूरी के साथ यादृच्छिक रूप से घटता-बढ़ता है

Correct Answer: B

Q.20 5 kg की एक वस्तु पर 4 सेकंड के लिए अपरिवर्ती बल लगाया जाता है, जिससे उसका वेग 2 m/s से बढ़कर 10 m/s हो जाता है। इस बल का परिमाण कितना है?

Ans A). 2 N B). 5 N C). 10 N D). 20 N

Correct Answer: C

Q.21 निम्नलिखित में से कौन-सा, कोलॉइड का एक उदाहरण नहीं है?

Ans A). शर्करा विलयन B). रक्त C). आइसक्रीम D). दूध

Correct Answer: A

Q.22 जिंक जैसी धातुओं का निष्कर्षण उनके ऑक्साइडों से करने के लिए सामान्यतः अपचायक के रूप में किस पदार्थ का उपयोग किया जाता है?

Ans A). सल्फर B). ऑक्सीजन C). कार्बन D). नाइट्रोजन

Correct Answer: C

Q.23 चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं का कौन-सा गुणधर्म, चिरसम्मत विद्युत-चुम्बकत्व में चुंबकीय एकल ध्रुवों की अनुपस्थिति को स्पष्ट करता है?

Ans A). वे कभी प्रतिच्छेद नहीं करती हैं B). वे ध्रुवों के निकट सघन हो जाती हैं C). वे सदैव वृत्तीय होती हैं D). वे सतत संवृत वक्र का निर्माण करती हैं

Correct Answer: D

Q.24 कोई जीव यूकैरियोट है या प्रोकैरियोट, यह निर्धारित करने के लिए वैज्ञानिक किसकी जांच करते हैं?

Ans A). पर्यावरण में पारिस्थितिक भूमिका B). सामान्य संभरण व्यवहार और आहार C). प्रजनन की विधि और संतति D). कोशिका संरचना और केंद्रक की उपस्थिति

Correct Answer: D

Q.25 निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?
कथन I: सोडियम परमाणु एक इलेक्ट्रॉन का त्याग करके सोडियम आयन का निर्माण करता है।
कथन II: सोडियम आयन पर ऋणात्मक आवेश होता है।

Ans A). कथन I और II दोनों सही हैं। B). केवल कथन I सही है। C). कथन I और II दोनों गलत हैं। D). केवल कथन II सही है।

Correct Answer: B

Q.26 संख्या 243 को तीन भागों में इस प्रकार विभाजित किया गया है कि पहले भाग का आधा, दूसरे भाग का एक-तिहाई और तीसरे भाग का एक-चौथाई बराबर है। सबसे बड़े भाग का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 98 B). 108 C). 112 D). 88

Correct Answer: B

Q.27 एक विक्रेता ₹43,149 में 19 लैपटॉप बैग खरीदता है और उन्हें ₹38,658 में 17 बैग की दर से बेचता है। कुल ₹5,487 का लाभ अर्जित करने के लिए, इस दर पर कितने लैपटॉप बैग खरीदे और बेचे जाने चाहिए?

Ans A). 1829 B). 1849 C). 1835 D). 1840

Correct Answer: A

Q.28 दो ट्रेनें, जिनकी लंबाई 200 m और 160 m है, विपरीत दिशाओं में क्रमशः 78 km/h और 66 km/h की चाल से गतिमान हैं। एक-दूसरे से मिलने के समय से लेकर पूरी तरह से एक-दूसरे को पार करने में उन्हें कितना समय लगेगा?

Ans A). 9 सेकंड B). 6 सेकंड C). 8 सेकंड D). 7 सेकंड

Correct Answer: A

Q.29 280 लोगों के समूह द्वारा पहनी जाने वाली शर्ट के साइज़ निम्न प्रकार हैं।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शर्ट साइज | 37 | 38 | 39 | 40 | 41 | 42 | 43 | 44 |
| व्यक्तियों की संख्या | 31 | 35 | 49 | 51 | 50 | 37 | 15 | 12 |

समूह द्वारा पहने जाने वाले शर्ट साइज का बहुलक ज्ञात कीजिए।

Ans A). 41 B). 42 C). 39 D). 40

Correct Answer: D

**Q.30** यदि $7\cos^2\theta + 5\sin^2\theta - 6 = 0, (0^0 < \theta < 90^\circ)$ है, तो $\sqrt{\dfrac{\sec\theta + \tan\theta}{\sec\theta - \tan\theta}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). $\sqrt{2}+1$ B). $\sqrt{2}-1$ C). $-\sqrt{2}$ D). $\sqrt{2}$

**Correct Answer: A**

**Q.31** संख्या 13167 निम्नलिखित में से किस संख्या से विभाज्य है?

**Ans** A). 61 B). 69 C). 63 D). 67

**Correct Answer: C**

**Q.32** एक विद्यार्थी ₹16,000 की धनराशि को 3% वार्षिक ब्याज दर पर निवेश करना चाहता है, जबकि ब्याज अर्धवार्षिक रूप से संयोजित होता है। 2 वर्ष पश्चात प्राप्त चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात कीजिए।
[दिया गया है, कि $(1.015)^4 = 1.0614$]

**Ans** A). ₹982.40 B). ₹880.20 C). ₹782.40 D). ₹900.10

**Correct Answer: A**

**Q.33** In an office, there are 25 employees who travel to work every day. The time taken to commute to office is as follows.

| Time taken (in minutes) | No. of employees |
|---|---|
| Less than 10 | 2 |
| Less than 20 | 6 |
| Less than 30 | 15 |
| Less than 40 | 19 |
| Less than 50 | 23 |
| Less than 60 | 25 |

Calculate the mean time of commuting (in minutes).

**Ans** A). 32 B). 21 C). 15 D). 29

**Correct Answer: D**

**Q.34** किसी कस्बे की जनसंख्या 60,000 से बढ़कर 61,260 हो जाती है। प्रतिशत वृद्धि कितनी है?

**Ans** A). 2.1% B). 2.3% C). 2.0% D). 2.2%

**Correct Answer: A**

**Q.35** तीन महिलाओं का औसत वजन तब 4 kg बढ़ जाता है, जब उनमें से 102 kg वजन वाली एक महिला को दूसरी महिला से बदल दिया जाता है। नई महिला का वजन कितना है?

**Ans** A). 116 kg B). 118 kg C). 114 kg D). 112 kg

**Correct Answer: C**

**Q.36** किसी कार्य को पूरा करने के लिए तीन श्रमिकों को कार्य पर रखा गया है, जिसके लिए ₹1,200 खर्च किए जाने हैं। श्रमिक A अकेले उसी कार्य को 8 दिनों में पूरा कर सकता है, श्रमिक B अकेले उसी कार्य को 12 दिनों में पूरा कर सकता है और श्रमिक C अकेले उसी कार्य को 16 दिनों में पूरा कर सकता है। चौथे श्रमिक की सहायता से, वे सभी मिलकर उसी कार्य को 3 दिनों में पूरा करते हैं। कुल धनराशि में से चौथे श्रमिक को कितना भुगतान किया जाना होगा?

**Ans** A). ₹226 B). ₹222 C). ₹221 D). ₹225

**Correct Answer: D**

**Q.37** साक्षी ने ₹8900 की धनराशि 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से निवेश की, जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है। यदि उसे n वर्षों के बाद ₹10,769 मिश्रधन प्राप्त होता है, तो n का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 1.5 B). 2 C). 2.4 D). 3

**Correct Answer: B**

**Q.38** दो बैंकों, A और B ने क्रमशः 3.5% और 8% वार्षिक ब्याज दर पर ऋण की पेशकश की। सचिन ने प्रत्येक बैंक से ₹3,00,000 का ऋण लिया। 3 वर्ष बाद सचिन द्वारा दोनों बैंकों को चुकाए गए साधारण ब्याज की धनराशियों के बीच का धनात्मक अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 42,000 B). 40,000 C). 41,500 D). 40,500

**Correct Answer: D**

**Q.39** $\dfrac{1}{\sec x - \tan x}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). secx − tanx B). secx + tanx C). cosx − cotx D). cosx + cotx

**Correct Answer: B**

**Q.40** 3 cm त्रिज्या और 12 cm ऊँचाई वाली एक ठोस बेलनाकार छड़ को पिघलाकर 3 cm त्रिज्या वाले ठोस गोलों में ढाला जाता है। इस प्रकार बनाए जा सकने वाले गोलों की संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 1 B). 3 C). 2 D). 4


**Correct Answer: B**

**Q.41** 7-अंकीय संख्या 69A840B, 12 से विभाज्य है। (A + B) का अधिकतम मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 15 B). 16 C). 10 D). 11

**Correct Answer: A**

**Q.42** निम्न पाई चार्ट में भारत के पांच विभिन्न क्षेत्रों में एक विशिष्ट कंपनी के मोबाइल फोन यूजर्स के प्रतिशत को दर्शाया गया है। पाई चार्ट का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।




पाई चार्ट में केंद्रीय क्षेत्र द्वारा बनाया गया केंद्रीय कोण कितना है?

**Ans** A). 28.8° B). 26.2° C). 27.4° D). 30.6°

**Correct Answer: A**

**Q.43** यदि 6 पेंसिलों की कीमत ₹42 है, तो 14 पेंसिलों की कीमत कितनी होगी?

**Ans** A). ₹84 B). ₹98 C). ₹100 D). ₹90

**Correct Answer: B**

**Q.44** एक दुकानदार एक ही अंकित मूल्य वाले खिलौनों पर निम्नलिखित स्कीमें प्रदान करता है-
(A) कितनी भी संख्या में खरीदे गए खिलौनों पर 3% और 7% की क्रमिक छूट
(B) कितनी भी संख्या में खरीदे गए खिलौनों पर 8%, 39% और 26% की क्रमिक छूट
(C) पहले 4 खिलौनों पर 11% की छूट और उसके बाद प्रत्येक खिलौने पर 32% की छूट
(D) 5 खिलौने खरीदने पर 4 खिलौने मुफ्त
एक ग्राहक 5 खिलौने खरीदना चाहती है। ऊपर दी गई स्कीमों में से कौन-सी स्कीम उसके लिए सबसे कम लाभप्रद है?

**Ans** A). D B). A C). C D). B

**Correct Answer: B**

**Q.45** किसी जिले की जनसंख्या 3,54,000 है, जिसमें से 2,30,000 पुरुष हैं। 17% जनसंख्या साक्षर है। यदि 17% पुरुष साक्षर हैं, तो साक्षर महिलाओं का प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 16% B). 15% C). 20% D). 17%

**Correct Answer: D**

**Q.46** रमेश को 120 km की दूरी तय करने में सुरेश से 10 घंटे अधिक लगते हैं। हालाँकि, यदि रमेश अपनी चाल दोगुनी कर दे, तो उसे सुरेश से 8 घंटे कम लगेंगे। रमेश की मूल चाल कितनी है?

**Ans** A). $4\frac{3}{4}\text{km/hr}$ B). $3\frac{1}{3}\text{km/hr}$ C). $7\frac{5}{7}\text{km/hr}$ D). $5\frac{1}{5}\text{km/hr}$

**Correct Answer: B**

**Q.47** 7 मीटर कपड़े की कीमत ₹840 है। उसी कपड़े के 11 मीटर की कीमत ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). ₹1,200 B). ₹1,120 C). ₹1,320 D). ₹1,260

**Correct Answer: C**

**Q.48** मोहिनी अपने विज्ञान प्रोजेक्ट के लिए चार्ट पेपर का उपयोग करके एक बेलनाकार कैलाइडोस्कोप बना रही है। यदि कैलाइडोस्कोप की लंबाई 178 cm है और इसकी त्रिज्या 24.5 cm है, तो केवल इसका वक्र पृष्ठ बनाने के लिए आवश्यक चार्ट पेपर का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए।)

**Ans** A). 27412 $cm^2$ B). 27380 $cm^2$ C). 27445 $cm^2$ D). 27433 $cm^2$

**Correct Answer: A**

**Q.49** यदि माता की वर्तमान आयु का दोगुना, उसकी पुत्री की वर्तमान आयु के छह गुने से 30 वर्ष कम है, और पुत्री की वर्तमान आयु का छह गुना, माता की वर्तमान आयु से 75 वर्ष अधिक है, तो उनकी वर्तमान आयु के बीच अंतर (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 20 B). 25 C). 19 D). 22

**Correct Answer: B**

**Q.50** समचतुर्भुज के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?

**Ans** A). समचतुर्भुज की प्रत्येक भुजा की लंबाई बराबर होती है। B). समचतुर्भुज के विकर्ण समकोण पर प्रतिच्छेद करते हैं। C). समचतुर्भुज के विकर्ण सम्मुख कोणों को समद्विभाजित नहीं करते हैं। D). समचतुर्भुज के सम्मुख कोण बराबर होते हैं।

**Correct Answer: C**

**Q.51** यदि संख्या **4372651** के प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ दिया जाए और प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनने वाली नई संख्या में बाईं ओर से चौथा अंक कौन-सा होगा?

**Ans** A). 2 B). 4 C). 6 D). 0

**Correct Answer: B**

**Q.52** यदि शब्द DANGERS के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

**Ans** A). एक B). एक भी नहीं C). तीन D). दो

**Correct Answer: C**

**Q.53** निम्नलिखित अक्षर, संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।) (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।)
(बाएं) Y A 7 & % G D 4 @ & K 6 T E 5 # 3 2 * R Z (दाएं)
ऐसे कितने अक्षर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक और ठीक बाद एक संख्या है?

**Ans** A). एक भी नहीं B). तीन C). एक D). दो

**Correct Answer: C**

**Q.54** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans** A). WR−NI B). QL−HC C). HC−YT D). ZU−PN

**Correct Answer: D**

**Q.55** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans** A). OSW B). YCG C). QUY D). FKN

**Correct Answer: D**

**Q.56** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 12 का संबंध 143 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 7 का संबंध 48 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 9 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है? (नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, केवल 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans** A). 101 B). 99 C). 80 D). 72

**Correct Answer: C**

**Q.57** निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) X & Y $ Z Ω P # Q % R @ S £ * T U $ V Ω W (दाएं)
ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर और ठीक बाद एक प्रतीक है?

**Ans** A). तीन B). एक C). दो D). एक भी नहीं

**Correct Answer: B**

Q.58 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हों। आपको यह तय करना है कि दिए गए निष्कर्षों से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कुछ चप्पलें, कुर्सियाँ हैं।
सभी कुर्सियाँ, चटाई हैं।

निष्कर्ष (I): कुछ चप्पलें, चटाई हैं।
निष्कर्ष (II): सभी चटाई, कुर्सियाँ हैं।

Ans A). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है B). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है C). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं D). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

Correct Answer: D

Q.59 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 10 का संबंध 98 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 9 का संबंध 79 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 13 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, केवल 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans A). 172 B). 147 C). 201 D). 167

Correct Answer: D

Q.60 यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंकों वाली पाँच संख्याओं पर आधारित है।
356 742 821 415 697
(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के पहले अंक से गुणा किया जाए, तो क्या परिणाम प्राप्त होगा?

Ans A). 6 B). 12 C). 16 D). 14

Correct Answer: A

Q.61 एक निश्चित कूट भाषा में, 'poem river judge' को 'yq yf yn' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'judge skin thing' को 'yf ra xd' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'judge' को किस रूप में कूटबद्ध किया जाता है?

Ans A). ra B). yf C). yn D). yq

Correct Answer: B

Q.62 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।
(बाएं) BOG FRY MAP OPT (दाएं)
दाएं से दूसरे शब्द के दूसरे अक्षर और बाएं से दूसरे शब्द के तीसरे अक्षर के बीच, अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans A). 23 B). 25 C). 27 D). 20

Correct Answer: A

Q.63 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन: कुछ लैपटॉप, डेस्कटॉप हैं। कुछ डेस्कटॉप, कंप्यूटर हैं।

निष्कर्ष (I): सभी लैपटॉप, कंप्यूटर हैं।
निष्कर्ष (II): कोई भी डेस्कटॉप, लैपटॉप नहीं है।

Ans A). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं B). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है C). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है D). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

Correct Answer: C

Q.64 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
GJM, ILO, KNQ, MPS, ?

Ans A). ORU B). ROU C). OUR D). RUO

Correct Answer: A

Q.65 यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '2' और '4' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?
16 + 8 × 4 ÷ 2 – 5 = ?

Ans A). 14 B). 5 C). 2 D). 28

Correct Answer: B

**Q.66** सात मित्र Q, R, S, T, U, V और W, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं। V, T के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। U, S के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। T के दाईं ओर केवल एक व्यक्ति बैठा है। R, किसी भी छोर पर नहीं बैठा है। Q, S के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। दिए गए विन्यास के आधार पर निम्नलिखित चार में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा विकल्प, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

**Ans** A). R और U B). Q और S C). U और W D). S और V

**Correct Answer: C**

**Q.67** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

18 31 44 57 70 ?

**Ans** A). 88 B). 85 C). 83 D). 79

**Correct Answer: C**

**Q.68** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से, FJDG का संबंध KOIL से है। उसी तरीके से, IMGJ का संबंध NRLO से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, LPJM का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

**Ans** A). UQRO B). UQOR C). QUOR D). QURO

**Correct Answer: C**

**Q.69** कुणाल बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 21 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 22 km ड्राइव करता है, फिर वह बाएँ मुड़ता है और 23 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 27 km ड्राइव करता है। अंत में वह बाएँ मुड़ता है और 2 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) तक और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

**Ans** A). 3 km, पूर्व की ओर B). 4 km, पूर्व की ओर C). 5 km, पूर्व की ओर D). 2 km, पूर्व की ओर

**Correct Answer: C**

**Q.70** यदि '+' और '−' को परस्पर प्रतिस्थापित कर दिया जाए, '×' और '÷' को परस्पर प्रतिस्थापित कर दिया जाए तथा '4' और '8' को परस्पर प्रतिस्थापित कर दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा? (नोट: संख्याओं को परस्पर प्रतिस्थापित करते समय पूरी संख्या पर विचार करें; व्यष्टिगत अंकों को परस्पर प्रतिस्थापित न करें - ये बड़ी संख्याओं के हिस्से हैं।)

24 × 8 − 18 ÷ 4 + 5 = ?

**Ans** A). 148 B). 143 C). 145 D). 154

**Correct Answer: C**

**Q.71** निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जाती है।

(बाएँ) N V U H J K J I V A Y E D V B L U H W A I G (दाएँ)

ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन है और ठीक बाद में भी एक व्यंजन है?

**Ans** A). 5 B). 4 C). 7 D). 6

**Correct Answer: A**

**Q.72** A, B, C, U, V और W, एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत के सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, इसके ठीक ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार, सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। C, तल क्रमांक 4 पर रहता है। C और V के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। C और A के बीच केवल B रहता है। W, C के ठीक नीचे रहता है। तल क्रमांक 2 पर कौन रहता है?

**Ans** A). B B). W C). U D). A

**Correct Answer: C**

**Q.73** एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B का पति है'
A - B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'
A x B का अर्थ है कि 'A, B की माता है'
A ÷ B का अर्थ है कि A, B का भाई है'

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'F ÷ G + H x I - J' है, तो F का J से क्या संबंध है?

**Ans** A). पिता का भाई B). भाई C). माता के पिता D). बहन का पति

**Correct Answer: A**

**Q.74** A, B, C, U, V और W एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे नीचे वाले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी तरह सबसे ऊपर वाले तल का क्रमांक 6 है। B, तल क्रमांक 5 पर रहता है। A, B के ऊपर किसी तल पर रहता है। W के नीचे केवल U रहता है। C एक सम क्रमांक वाले तल पर रहता है। V के नीचे कितने व्यक्ति रहते हैं?

**Ans** A). एक B). चार C). तीन D). दो

**Correct Answer: D**

**Q.75** एक निश्चित कूट भाषा में,
A < B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A # B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A + B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',
और A @ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'।

यदि 'P # Q < R @ X + Y' है, तो P का Y से क्या संबंध है?

Ans A). माता की बहन B). माता के पिता C). माता का भाई D). माता की माता

Correct Answer: D

**Q.76** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, एक निश्चित तरीके से, ZWVY का संबंध CZYB से है। उसी तरीके से, QNMP का संबंध TQPS से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, TQPS का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

Ans A). WSRV B). WTRV C). WURZ D). WTSV

Correct Answer: D

**Q.77** एक पंक्ति में, पाँच मित्र P, Q, R, S और T, उत्तर की ओर अभिमुख होकर खड़े हैं। R, बाएं छोर पर है और P का निकटतम पड़ोसी है। P और Q के बीच केवल S है।
T के बाएं दूसरे स्थान पर कौन खड़ा है?

Ans A). R B). S C). Q D). P

Correct Answer: B

**Q.78** फहद अपनी कक्षा में शीर्ष से 65वें और नीचे से 34वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं?

Ans A). 99 B). 98 C). 96 D). 97

Correct Answer: B

**Q.79** निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?
# : HOW :: DKS : %

Ans A). # = HHP , % = KRZ B). # = AHP , % = KRZ C). # = AHP , % = KRI D). # = AHP , % = LRZ

Correct Answer: B

**Q.80** शब्द CUDGELS के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर-समूह में बाएं से पहले अक्षर और दाएं से दूसरे अक्षर के बीच, अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans A). सत्रह B). पंद्रह C). चौदह D). अठारह

Correct Answer: B

**Q.81** निम्नलिखित में से किसे, जनवरी 2026 में खेल के क्षेत्र में योगदान के लिए पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था?

Ans A). अरविंद वैद्य B). अशोक खाडे C). विजय अमृतराज D). पीयूष पांडे

Correct Answer: C

**Q.82** 2026 में, मलयालम सिनेमा के किस सुपरस्टार को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया?

Ans A). प्रयोगात्मक और यथार्थवादी सिनेमाई प्रदर्शनों के लिए फहद फासिल को B). भारतीय और मलयालम सिनेमा में योगदान के लिए ममूटी को
C). भारतीय दर्शकों के बीच क्षेत्रीय सिनेमा को बढ़ावा देने के लिए दुलकर सलमान को D). निर्देशन और बहुभाषी अभिनय में उपलब्धियों के लिए पृथ्वीराज सुकुमारन को

Correct Answer: B

**Q.83** Which two authors won the Sahitya Akademi Award 2025 for English and Hindi, respectively?

Ans A). Navtej Sarna & Mamta Kalia B). Chetan Bhagat & Chitra Mudgal C). Vikram Seth & Mridula Garg D). Amitav Ghosh & Uday Prakash

Correct Answer: A

**Q.84** In March 2026, Bank of Baroda operationalized a digital credit micro-lending facility by launching an Overdraft (OD) facility on Credit Line via UPI. Who are the primary beneficiaries targeted under this specific initiative?

Ans A). Individual marginal farmers under the PM-KISAN scheme B). Verified members of Women Self-Help Groups (SHGs)
C). Retail merchants registered under MSME digital platforms D). Individual salaried employees holding corporate accounts

Correct Answer: B

**Q.85** फरवरी 2026 में, 79वें BAFTA अवार्ड्स ने मुख्य रूप से किस क्षेत्र से संबंधित उपलब्धियों को सम्मानित किया?

Ans A). अंतर्राष्ट्रीय फिल्म निर्माणों B). अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों C). अंतर्राष्ट्रीय थिएटर महोत्सवों D). अंतर्राष्ट्रीय संगीत सभाओं

Correct Answer: A

**Q.86 भारतीय सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण प्रयोग – 2026 (iMEx-2026) कार्यक्रम किस संगठन की राष्ट्रीय पहल है?**

Ans A). रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) B). विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST) C). भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (IN-SPACe) D). भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO)

Correct Answer: D

**Q.87 मई 2026 में भारत में लॉन्च किए गए, सेमीकंडक्टर निवेशक सहायता पोर्टल (Semiconductor Investors Support Portal) का मुख्य लक्ष्य क्या है?**

Ans A). उपभोक्ताओं के लिए ऑनलाइन शॉपिंग को सुगम बनाना B). देश भर में इंटरनेट उपयोग की निगरानी करना C). सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएशन को बढ़ावा देना D). चिप निर्माण निवेश को समर्थन और प्रोत्साहन देना

Correct Answer: D

**Q.88 मार्च 2026 में, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) ने सोशल मीडिया तक बच्चों की पहुंच पर एक खुली चर्चा आयोजित की। किस चिंता को विशेष रूप से एक प्रमुख सामाजिक चुनौती के रूप में उजागर किया गया था?**

Ans A). परीक्षा का दबाव, ट्यूशन लागत, पाठ्यपुस्तक पाइरेसी और कोचिंग धोखाधड़ी B). साइबर-बुलिंग, डेटा गोपनीयता दुरुपयोग, यौन उत्पीड़न और साइबर धोखाधड़ी C). शहरी प्रवास, आवास की कमी, जल की कमी और वायु प्रदूषण D). ग्रामीण निरक्षरता, विद्यालय अनुपस्थिति, कुपोषण और बाल श्रम

Correct Answer: B

**Q.89 Exercise Dweep Shakti 2026 was successfully conducted by which of the following military commands of India?**

Ans A). Strategic Forces Command B). Andaman and Nicobar Command C). Northern Command D). Eastern Naval Command

Correct Answer: B

**Q.90 In January 2026, who secured first rank in the merit list under the benchmark disabilities category in the Kerala Judicial Service Examination?**

Ans A). Thanya Nathan C. B). Ananya R. Nair C). Sreelakshmi S. D). Meera K. Menon

Correct Answer: A

**Q.91 जनवरी 2026 में बोस्टन में आयोजित न्यू बैलेंस इंडोर ग्रांड प्रिक्स (New Balance Indoor Grand Prix) में, किस एथलीट ने पुरुषों के इंडोर 800 मीटर विश्व रिकॉर्ड को तोड़कर 1997 से चले आ रहे रिकॉर्ड को समाप्त किया?**

Ans A). डोनावन ब्रेज़ियर (Donavan Brazier) B). ब्राइस होप्पेल (Bryce Hoppel) C). जोश होए (Josh Hoey) D). एलियट क्रेस्तान (Eliott Crestan)

Correct Answer: C

**Q.92 As of March 2026, India's position as the fourth-largest global wind energy producer contributes to which of the following national priorities under SDG frameworks?**

Ans A). Transitioning to a low-carbon economy B). Focusing on urban infrastructure development C). Enhancing agricultural exports D). Promoting only rural electrification

Correct Answer: A

**Q.93 When is the National Technology Day celebrated every year in India to recognize the country's scientific and technological achievements?**

Ans A). June 21 B). May 15 C). May 11 D). May 5

Correct Answer: C

**Q.94 भारतीय सेना द्वारा 2026 में किस भारतीय राज्य में पहली बार बहुपक्षीय सैन्य अभ्यास 'प्रगति' आयोजित किया गया था?**

Ans A). बिहार B). मेघालय C). राजस्थान D). जम्मू और कश्मीर

Correct Answer: B

**Q.95 जुलाई 2026 में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विस्तारित खेलो इंडिया योजना और राष्ट्रीय खेल संघों (ANSF) को बढ़ी हुई सहायता को अनुमोदित किया, जिसका उद्देश्य क्या था?**

Ans A). प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश में एक राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय और प्रत्यायन इकाइयों की स्थापना करना

B). प्रत्येक राज्य में प्रत्येक ओलंपिक खेल के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करना और सभी विद्यालयों में खेल शिक्षा को अनिवार्य करना

C). युवा विकास और राष्ट्र निर्माण के लिए खेलों की शक्ति का दोहन करने की सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करना

D). बड़े महानगरों में विश्व-स्तरीय खेल परिसर विकसित करके खेल पर्यटन को बढ़ावा देना और अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप की मेजबानी करने के लिए सब्सिडी प्रदान करना

Correct Answer: C

**Q.96 Who among the following has been named the Laureus World Sportsperson of the Year with a Disability in 2026 for outstanding achievements in international para-swimming?**

Ans A). Markus Rehm B). Marcel Hug C). Diede de Groot D). Gabriel Araújo

Correct Answer: D

**Q.97** **मार्च 2026 में, किस संगठन ने भारतीय राज्यों के राजकोषीय प्रदर्शन का आकलन करने के लिए राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक (Fiscal Health Index - FHI) 2026 का दूसरा संस्करण जारी किया?**

**Ans** A). नीति आयोग B). राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय C). वित्त आयोग D). भारतीय रिजर्व बैंक **Correct Answer: A**

**Q.98** **In August 2025, severe rainfall and a reported cloudburst in which Maharashtra district resulted in fatalities and widespread flooding?**

**Ans** A). Nagpur B). Nashik C). Pune D). Nanded **Correct Answer: D**

**Q.99** **As announced in April 2026, the historic city of Dhar has been selected under the Centre's 'Safe Cities' project, an initiative aimed at strengthening women's safety infrastructure and urban security. In which of the following states of India, is Dhar located?**

**Ans** A). Madhya Pradesh B). Uttar Pradesh C). Chhattisgarh D). Rajasthan **Correct Answer: A**

**Q.100** **पेरिस जलवायु समझौता (Paris Climate Agreement), जिससे संयुक्त राज्य अमेरिका ने 7 जनवरी 2026 को हटने की घोषणा की थी, किस अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन के ढांचे के अंतर्गत अंगीकार किया गया था?**

**Ans** A). जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (United Nations Framework Convention on Climate Change)

B). जैव विविधता कन्वेंशन (Convention on Biological Diversity)

C). ओजोन परत के संरक्षण के लिए वियना कन्वेंशन (Vienna Convention for the Protection of the Ozone Layer)

D). मरुस्थलीकरण का मुकाबला करने के लिए संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (United Nations Convention to Combat Desertification) **Correct Answer: A**

"